नईदुनिया

चित्रकूट में बनेगा भव्य वनवासी राम लोक

ओरछा में रामराजा लोक का होगा निर्माण

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंदाकिनी नदी में किया दीपदान
- चित्रकूट से गुप्त गोदावरी तक चारलेन सड़क का किया भूमिपूजन



राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्यटन के साथ तीर्थाटन की भावना भी महत्वपूर्ण है। इसी दृष्टि से मध्यप्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों का समग्र विकास कर रही है। उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर ओरछा में रामराजा लोक और चित्रकूट में भव्य वनवासी राम लोक का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री दीपावली के अवसर पर भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट पहुंचे। यहां उन्होंने मंदाकिनी नदी के पंचवटी घाट पर दीपदान कर प्रदेश और देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने मां मंदाकिनी की पूजा-अर्चना की और संतों का सम्मान किया।

मुख्यमंत्री ने चित्रकूट धाम से गुप्त गोदावरी तक चारलेन सड़क निर्माण का भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम ने अपने वनवास के 11 वर्ष से अधिक समय चित्रकूट में बिताया था। यह स्थान धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है।

मुख्यमंत्री ने भगवान कामतानाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने श्रद्धालुओं को मिठाई बांटकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान वे सड़क किनारे चाय की दुकान पर पहुंचे और कुल्हड़ वाली चाय पी। उन्होंने दीपक बेच रहे बच्चों से बातचीत कर दीपक भी खरीदे। साथ ही मेले में श्रद्धालुओं के लिए बनाई गई स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



धूप में तल्खी, रात में गुलाबी ठंड का अहसास बरकरार

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः वर्तमान में किसी प्रभावी मौसम प्रणाली के सक्रिय नहीं रहने से मौसम पूरी तरह शुष्क बना हुआ है। आसमान साफ रहने से धूप में तल्खी बनी हुई है, लेकिन शाम ढलते ही वातावरण में ठंडक घुलने लगती है। जिसके चलते रात में गुलाबी ठंड का अहसास बना हुआ है।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मौसम का इस तरह का मिजाज अभी एक सप्ताह तक बना रह सकता है। इस दौरान पूर्वी मध्य प्रदेश में तीन-चार दिन में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान शनिवार सुबह तक प्रदेश में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा। प्रदेश में रात का सबसे कम 11.4 डिग्री सेल्सियस तापमान कटनी में रिकार्ड हुआ। दिन का सबसे अधिक 33.3 डिग्री सेल्सियस तापमान सागर में दर्ज किया गया। वर्तमान में दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। 10 नवंबर से एक तीव्र आवृति वाले पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर-पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय होने की संभावना है।

मौसम विज्ञानी वीएस यादव ने बताया कि आसमान साफ रहने से सुबह से ही धूप निकल रही है। इस वजह से प्रदेश में दिन का तापमान 30 से 33 डिग्री सेल्सियस तक बना हुआ है। इससे धूप में तल्खी महसूस हो रही है। उधर शाम ढलते ही उत्तर भारत की तरफ से आ रही शीतल हवाओं के कारण तापमान में गिरावट होने लगती है। इससे रात में ठंडक बढ़ जाती है। इस तरह का मौसम एक सप्ताह तक बना रह सकता है।

उधर 10 नवंबर को आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी होने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने के बाद हवाओं का रुख उत्तरी होने पर पूरे प्रदेश में रात के तापमान में काफी गिरावट हो सकती है।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए दीपावली का पर्व समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों के साथ मनाने का आह्वान किया है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रकाश, खुशियों और सद्भावना के इस पर्व पर जरूरतमंदों के जीवन में भी खुशियों का उजाला लाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपने सामर्थ्य के अनुसार वंचित परिवारों को वस्त्र, मिठाई, शिक्षा सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं उपलब्ध कराने की अपील की।









मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com